ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 20 जून 2024
वर्ष 5, अंक 86, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





सुपर-8 के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका जीता 15

फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोटिल 16


## अमेजन पार्सल में निकला कोबरा

बेंगलुरु, एजेंसी

- कंपनी ने माफी मांगी, पैसे वापस किए, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल




बेंगलुरु में एक दंपत्ति द्वारा मंगाए गए अमेजन पार्सल में जिंदा कोबरा सांप निकला। सांप पैकेजिंग के लिए चिपकाने वाली टेप में सांप चिपका हुआ था। इस कारण वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। दंपत्ति के मुताबिक पार्सल में कोबरा सांप था। सरजापुर के रहने वाला यह दंपत्ति आईटी पेशेवर हैं। दंपत्ति ने पूरे प्रकरण का एक वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया देखा जा सकता है।

मामले में अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि कंपनी इस घटना की जांच कर रही है। हम ग्राहकों की सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हैं और इस घटना की भी जांच कर रहे हैं।

**दंपत्ति ने अमेजन की लापरवाही बताया** : दंपति ने कहा उन्हें अपने ऑर्डर के बदले पूरा पैसा वापस मिल गया है, लेकिन उन्हें आश्चर्य है कि अत्यधिक विषैले सांप के साथ अपनी जान जोखिम में डालने के बदले उन्हें क्या मिला। उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट रूप से सुरक्षा उल्लंघन है जो केवल अमेजन की लापरवाही और उनके खराब परिवहन, गोदाम की स्वच्छता एवं रखरखाव में कोताही के कारण हुआ है।

**प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई फैसले**

## धान समेत 14 फसलों का बढ़ा एमएसपी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024 - 25 के लिए धान, बाजरा, मक्का, तिल और कपास समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल काला तिल और कपास का समर्थन मूल्य बढ़ाने की प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले से किसानों के पास दो लाख करोड़ रुपये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य



सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई है। काला तिल के एमएसपी 983 रुपये प्रति क्विंटल, तिल में 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। नई घोषणा के अनुसार खरीफ सीजन 2024 -25 में धान के लिए एमएसपी 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। ग्रेड ए के लिए यह 2320 रुपए प्रति क्विंटल होगा। ज्वार- संकर का एमएसपी 191 रुपए बढ़ाकर 3571 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। ज्वार- मालडंडी का एमएसपी 196 रुपये बढ़ाकर 3421 रुपये प्रति क्विंटल होगा। बाजरे का एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2625 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। रागी का एमएसपी 444 रुपये बढ़ाकर 4290 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। मक्का का एमएसपी 135 रुपये बढ़ाकर 2225 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। अरहर के एमएसपी में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसका एमएसपी 7550 रुपये प्रति क्विंटल होगा। मूंग का एसपी 124 रुपये बढ़कर 8682 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। उड़द का एमएसपी 450 रुपये की वृद्धि के साथ 7400 रुपये प्रति क्विंटल होगा।

### वाराणसी हवाई अड्डे के लिए 2,869 करोड़

**नई दिल्ली।** वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 2,869 .65 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। हवाई अड्डे के विकास में नए टर्मिनल भवन के साथ अन्य कार्य होंगे। अड्डे की यात्री संचालन क्षमता को मौजूदा 39 लाख यात्री प्रति वर्ष से बढ़ाकर 99 लाख यात्री यात्री प्रति वर्ष करना है।

### एनएफआईईएस स्कीम को मंजूरी

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 की अवधि के लिए 2254 .43 करोड़ रुपये के केंद्रीय क्षेत्र की योजना नेशनल फोरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एन्हांसमेंट स्कीम (एनएफआईईएस) को मंजूरी दी गई। संबंधित वित्तीय परिव्यय गृह मंत्रालय द्वारा अपने बजट से प्रदान किया जाएगा।

### 76,200 करोड़ से बनेगा बड़ा बंदरगाह

महाराष्ट्र के वधावन में 76,200 करोड़ की लागत से एक विशाल बंदरगाह के विकास को मंजूरी दी। परियोजना का निर्माण वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (वीपीपीएल) करेगी जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) की एक विशेष उद्देश्यीय इकाई (एसपीवी) है।

## एक नजर

### आंध्र प्रदेश के सांसद की बेटी ने सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति को कुचला

**चेन्नई।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से राज्यसभा सदस्य बीड़ा मस्तान राव की बेटी बीड़ा माधुरी को एक व्यक्ति को गाड़ी से कुचलने के मामले में गिरफ्तार किया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 17 जून को बसंत नगर की है। माधुरी द्वारा व्यक्ति को कुचले जाने के बाद वह वहां से फरार हो गईं। गाड़ी में माधुरी के साथ एक और महिला थी।

### चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में आपात लैंडिंग

**देहरादून।** गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में बुधवार की दोपहर बारिश से पहले तेज अंधड़ से खासी दिक्कतें हुईं। मौसम एकाएक बिगड़ने से केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए रवाना हुए चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एक हेलीकॉप्टर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री भी सवार थे। सकुशल लैंडिंग होने पर सभी लोगों ने राहत की सांस ली। चारधाम यात्रा में लगे चार हेलीकॉप्टरों ने केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन दोपहर में एकाएक मौसम बिगड़ गया और तेज अंधड़ शुरू हो गया। जिस वजह से हेलीकॉप्टर डगमगाने लगे, तब उनमें सवार श्रद्धालुओं के हाथ-पांव फूल गए।

### आलू के चिप्स के पैकेट में मृत मेंढ़क मिला

**जामनगर।** आलू के चिप्स (पोटैटो वेफर्स) के एक पैकेट में कथित तौर पर मृत मेंढक पाए जाने के बाद बुधवार को जामनगर नगर निगम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मुंबई के एक निवासी द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर की गई आइसक्रीम में मानव उंगली का टुकड़ा मिलने के दावे के कुछ दिनों बाद यह शिकायत आई है। जामनगर नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत आलू के चिप्स के पैकेट के उत्पादन बैच के नमूने एकत्र किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीबी परमार ने बताया जैस्मीन पटेल नाम की एक युवती ने हमें सूचना दी कि बालाजी वेफर्स द्वारा निर्मित क्रंचेक्स के एक पैकेट में एक मृत मेंढक मिला है। हम कल रात उस दुकान पर गए, जहां से इसे खरीदा गया था।

**पेपर लीक की आशंका पर लिया फैसला**

## यूजीसी-नेट परीक्षा रद सीबीआई जांच के आदेश

**मामले की गहन जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने लिया फैसला, 18 जून को हुई थी परीक्षा**

नई दिल्ली, एजेंसी

- 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए कराया था पंजीकरण
- दोबारा परीक्षा की तारीख के लिए शीघ्र की जाएगी घोषणा

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यूजीसी-नेट परीक्षा इसलिए रद की गई कि ऐसी जानकारी मिली थी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है। मंत्रालय का यह फैसला, मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे बड़े विवाद के बीच आया है और यह मुद्दा अब उच्चतम न्यायालय में है। परंपरा से हटकर, इस बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) एक ही दिन (18 जून) में 'पेन और पेपर मोड' में आयोजित की गई, जिसमें 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिर से यह परीक्षा की जाएगी। यूजीसी-नेट परीक्षा के माध्यम से भारतीयों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और भारतीय विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित की जाती है। मंत्रालय ने कहा है कि परीक्षा रद्द करने का निर्णय केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत साइबर अपराधों की निगरानी करने वाली एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) से प्राप्त सूचना के बाद लिया है।

### बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पटना में नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में बुधवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी। बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के कारण देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं और कई उच्च न्यायालयों के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। सरकार परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह फिर से कहा जाता है कि इस मामले में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह परीक्षा 5 मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें करीब 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। इसके नतीजे 14 जून को घोषित किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले ही पूरा हो जाने के कारण नतीजे 4 जून को ही घोषित कर दिये गए थे।

### नीट परीक्षा को भी रद्द करे सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेट परीक्षा रद्द होने को छात्रों के जज्बे की जीत बताया और कहा कि मोदी सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को भी रद्द करना चाहिए। खडगे ने कहा आप परीक्षा पर चर्चा तो बहुत करते हैं, नीट परीक्षा पर चर्चा कब करेंगे। उन्होंने कहा केंद्रीय शिक्षा मंत्री पहले कहते हैं कि नीट में कोई पेपर लीक नहीं हुआ। जब बिहार, गुजरात एवं हरियाणा में शिक्षा माफिया की गिरफ्तारियां होती हैं तो शिक्षा मंत्री मानते हैं कि कुछ घपला हुआ है। नीट की परीक्षा रद्द कब होगी।

## कक्षा 1 में प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक 6 वर्ष आयु जरूरी

- एनईपी 2020 के तहत एक अप्रैल को आयु की गणना का था आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों में अब कक्षा एक में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र 31 जुलाई तक 6 वर्ष होनी चाहिए। नई शिक्षा नीति के तहत अब तक एक अप्रैल को बच्चे की आयु 6 वर्ष निर्धारित थी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने शासन के निर्देश पर संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया है जो सत्र 2024-25 से लागू होगा। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को 6 वर्ष की आयु के नियम वाले आदेश के बाद सरकारी स्कूलों में बच्चों की नामांकन संख्या घटने लगी थी। शिक्षकों की ओर से आयु निर्धारण की तारीख 31 जुलाई किए जाने की लगातार मांग की जा रही थी। शासन ने इसका संज्ञान लेते हुए निदेशक को आदेश में संशोधन करने का निर्देश दिया था।

दरअसल, पुराने नियम के चलते उन बच्चों को प्रवेश से वंचित होना पड़ रहा था जिनकी आयु मई- जून में 6 वर्ष हो रही थी। उन्हें प्री प्राइमरी और या बाल वाटिका में प्रवेश लेकर कक्षा एक में प्रवेश के लिए पूरे एक साल इंतजार करना पड़ता।

## पीलीभीत से अपहृत छात्रा को लखीमपुर में फेंका, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे, छात्रा 12 जून से गायब थी छात्रा

**अमृत विचारः** पीलीभीत से अगवा जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा को बुधवार की सुबह कार सवार बदहवाश हालत में थाना खीरी क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर गांव चिमनी के पास फेंक कर भाग निकले। बताया जाता है कि कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। छात्रा 12 जून से से गायब थी। उसकी गुमशुदगी थाना उत्तरी सेहरामऊ (पीलीभीत) में दर्ज कराई गई थी। छात्रा की हालत गंभीर है।

गांव चिमनी के लोगों ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे एक कार आई। कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। गांव चिमनी के पास पल भर के लिए कार रुकी, लोग जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले कार से एक किशोरी को सड़क किनारे फेंक दिया गया और चालक तेज रफ्तार कार लेकर भाग निकला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उसे भर्ती कराया है। किशोरी अपना नाम और पता व थाना उत्तरी सेहरामऊ बता पा रही थी। सूचना पर थाना खीरी एसओ अजीत कुमार भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने थाना उत्तरी सेहरामऊ पुलिस से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर छात्रा के परिवार के लोग उत्तरी सेहरामऊ पुलिस के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। परिवार वालों के आने के बाद जिला अस्पताल से किशोरी को जिला महिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर उसका मेडिकल परीक्षण हुआ।

> कार सवार कुछ लोग छात्रा को चिमनी गांव के पास फेंक गए हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 12 जून से लापता थी। थाना उत्तरी सेहरामऊ पीलीभीत में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज है।
> - **अजीत कुमार**, एसओ खीरी

## अलीगढ़ में युवक को भीड़ ने पीटकर मार डाला, तनाव

अलीगढ़, एजेंसी

- एसपी बोले- दो समुदायों के लोगों के एकत्रित होने के बाद तनाव, चोरी का था आरोप

अलीगढ़ शहर में मंगलवार रात भीड़ द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने के बाद एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना शहर के मामू-भांजा मोहल्ले की है और मृतक की पहचान फरीद (35) के रूप में हुई है, जो कि एक ढाबे पर काम करता था।

पुलिस अधीक्षक एम. शेखर पाठक ने बताया कि मृतक के परिवार की शिकायत के अनुसार फरीद देर रात जब ढाबे से घर लौट रहा था तो रास्ते में भीड़ ने उसे घेर लिया और बुरी तरह पीटा। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले लोगों का आरोप था कि फरीद चोरी करने के लिए एक घर में घुसने का प्रयास कर रहा था। पाठक ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फरीद को मलखान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गयी। एसपी ने बताया हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग रेलवे रोड के पास पुराने शहर में कुछ स्थानों पर जमा हो गए जिस कारण इलाके में कुछ दुकानें बंद रहीं।

## योग दिवस में शामिल होंगे मोदी आज जाएंगे कश्मीर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे, जहां वह तीन हजार करोड़ रूपये से भी अधिक लागत की 80 से भी अधिक विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री शुक्रवार सुबह श्रीनगर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे।

## मुठभेड़ में दो आतंकी किए ढेर

- दो जवान घायल, हादीपोरा इलाके में तलाशी अभियान शुरू

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सेना और सीआरपीएफ ने रफियाबाद सोपोर के हादीपोरा इलाके में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की।




### रियासी आतंकी हमलाः मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**जम्मू (ब्यूरो)।** रियासी यात्रा बस पर हमले का पुलिस ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है, जिसे रियासी यात्री बस हमले के दौरान आतंकवादियों की मदद करने और उन्हें रसद सहायता देने का मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। 9 जून को शिव खोरी से आ रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी जिसकी पहचान हाकम दीन (40) पुत्र एमए खान निवासी -बंधराही (सैदा नाल्हा), जिला राजौरी के रूप में हुई है। यह व्यक्ति आतंकवादियों को भोजन और आश्रय के साथ-साथ कई बार उन्हें शरण देने में भी शामिल था।

## मंत्री ने 'बेटी पढ़ाओ' का नारा गलत लिखा, विपक्ष का हमला

**मप्र।** मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा गलत लिखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसके बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने उनकी योग्यता पर सवाल उठाए हैं। धार के ब्रम्हा कुंडी स्थित एक सरकारी स्कूल में 18 जून को स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित किया गया था जिसमें धार सीट से सांसद ठाकुर मुख्य अतिथि थीं। ठाकुर, केंद्रीय मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं। वीडियो में नारा गलत तरीके से लिखती नजर आ रही हैं।

## खराब प्रदर्शन पर समीक्षा में जुटी उप्र भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**पार्टी के अनुभवी नेताओं की टीम जिलों का दौरा कर तैयार कर रहे रिपोर्ट**

- सौंपे गए संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक विस. क्षेत्र का दौरा कर 25 जून तक देनी होगी रिपोर्ट
- प्रदेश नेतृत्व इस रिपोर्ट को बाद में केंद्रीय नेतृत्व को भेजेगा, डेढ़ दर्जन सवालों पर मंथन

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा निरंतर टोह ले रही है कि चुनाव पूर्व सब कुछ दुरुस्त कर लेने के बावजूद झटका कहां-कहां से और क्यों लगा। चुनाव परिणामों में भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश से लगा है। पार्टी यहां 33 सीटें ही जीत पाई। आखिर कौन-कौन से ऐसे कारण रहे जिसके चलते भाजपा का राज्य में इस बार प्रदर्शन खराब रहा? पार्टी इन कारणों को इक्का-दुक्का नहीं बल्कि लगभग डेढ़ दर्जन सवालों की एक चेकलिस्ट तैयार कर पड़ताल में जुटी है। इस कड़ी में रायबरेली और अयोध्या में हार की समीक्षा पर खासा जोर है।

पार्टी की ओर से अनुभवी एवं वरिष्ठ नेताओं को चेकलिस्ट के साथ पड़ताल में नियुक्त किया है। इन्हें सभी 80 संसदीय क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने के निर्देश हैं। इसमें हारी और जीती सीट सभी के क्षेत्र शामिल रहेंगे। जिम्मा 40 नेताओं पर है, जिन्हें अपनी-अपनी रिपोर्ट 25 जून तक प्रदेश नेतृत्व को सौंपनी होगी। इसके बाद प्रदेश नेतृत्व केंद्रीय नेतृत्व से यह रिपोर्ट साझा करेगा।

सवालों में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जिला स्तर के पार्टी पदाधिकारियों की भूमिका, उम्मीदवारों के चयन उनकी छवि, रणनीतिक विफलताएं, उम्मीदवार का स्थानीय लोंगो से जुड़ाव, विपक्षी उम्मीदवार के प्रति झुकाव के कारण, पार्टी के मुद्दों के आगे विपक्ष के क्या नैरेटिव प्रभावी रहे, जैसे डेढ़ दर्जन और सवाल शामिल हैं। इसमें आरक्षण, रोजगार, सरकारी योजनाओं जैसे सवाल भी शामिल होंगे। दरअसल, इतनी विस्तृत समीक्षा के पीछे संगठन की मंशा तीन साल बाद (2027) उप्र. में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समय रहते होमवर्क कर लेने की भी है। ग्राऊंड जीरो पर उतर कर चेकलिस्ट के साथ पड़ताल करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश महासचिव गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता महेन्द्र सिंह, विदयाभूषण, विजय पाठक समेत अन्य अनुभवी नेता शामिल हैं। यह रिपोर्ट अगर तैयार हो जाती है तो पहले प्रदेश नेतृत्व, फिर केन्द्रीय नेतृत्व इस पर विमर्श करेगा।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

**धनशोधन मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। केजरीवाल को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है।

## 67,500 के नकली नोट पकड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**लखनऊ से लाकर यहां करते थे खपत, 3 गिरफ्तार**

**अमृत विचारः** पुलिस ने नकली नोटों के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। एक तस्कर भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के 67,500 रुपये के नकली नोट और एक कार बरामद की। ये लोग लखनऊ से नकली नोट लाकर यहां खपत करते थे।


चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे गश्त कर रहे थे। पुलिस ने एक सूचना पर बरेली मोड़ के निकट गर्रा पुल के पास से कार सवार लखनऊ के थाना पीजीआई क्षेत्र के नीरज कुमार, तिलहर के विवेक कुमार मौर्या और कलान के जबर सिंह को पकड़ा। एक आरोपी चंदन निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के कुल 67500 रुपये के नकली नोट बरामद किए।



चौक कोतवाली पुलिस की हिरासत में तीनों आरोपी।

### 60 रुपये में मिलता है सौ का नकली नोट

आरोपी विवेक मौर्या ने बताया कि लखनऊ में दुबग्गा से वे नकली नोट लाते हैं। 60 रुपये में 100 का नकली नोट मिलता है। अपने साथियों के सहयोग से शाहजहांपुर, बरेली समेत कई जिलों में असली नोट के साथ मिलाकर नकली नोट चला देते थे। पुलिस के मुताबिक विवेक पर सात मुकदमे सदर बाजार, चौक कोतवाली में दर्ज हैं। इसके अलावा नीरज और जबर सिंह पर चौक कोतवाली में एक-एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।




### आज का मौसम

तेज हवा चलने व बूंदाबांदी का अनुमान है।

| 41.0° | 29.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:16 |

### एक नजर

## पाकबड़ा में युवक की हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पबजी गेम खेलने के दौरान युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव हाशमपुर गोपाल निवासी सुरेंद्र पाल सिंह का एक सप्ताह पहले गांव के रहने वाले योगराज के साथ पबजी गेम खेलने के दौरान विवाद हुआ था। विरोध करने पर योगराज ने अपने साथियों सन्नी, तीरथ, राजू उर्फ भीमा के साथ मारपीट कर दी जिससे उसकी हत्या हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

# चीन के आकाओं के सहयोग से ठगी करने वाले गिरफ्तार

## दोगुना मुनाफे का झांसा देकर लोगों को फंसाते थे आरोपी, 200 करोड़ की ठगी कर चुके हैं जालसाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** घर बैठे पैसा कमाइए। बस लाइक और कमेंट करना होगा। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने होंगे। निवेश करेंगे तो ज्यादा मुनाफा होगा। साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर इसी तरह का झांसा देकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। रकम लेने के बाद लाखों खाते में जमा करा लेते हैं। जब तक पता चलता है बहुत देर हो चुकी होती है। पुलिस ने बुधवार को 200 करोड़ की ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। मामले में आठ आरोपी वांछित हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।

एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया है कि, अक्टूबर 2023 को रामपुर निवासी चेतना को दोगुना मुनाफे का झांसा देकर ठगों ने कई बार में 15 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। एसपी क्राइम ने कहा कि बुधवार को मामले में वांछित चल रहे अंतर्राज्यीय गिरोह के दो और आरोपी अहमदाबाद के ओधवा थाना क्षेत्र जगन्नाथ कॉलोनी निवासी अर्जुन सिंह पुत्र डोलू भाई और सादरिया मिलन पुत्र प्रवीन को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से बैंक एटीएम, तीन बैंक चैक और मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि, देश के कई हिस्सों में बैठे गिरोह के सदस्यों को चीन और दुबई से टास्क दिया जाता है।

आरोपी अबतक 200 करोड़ से अधिक की ठगी कर चुके हैं। जिसमें लोगों को दोगुना मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया जाता है। सारा पैसे इकट्ठा करके हवाला के माध्यम से चीन और दुबई में बैठे आकाओं को भेजा जाता है।

एसपी क्राइम ने बताया कि, नौ माह पहले शहर में कई स्थानों पर छापेमारी के दौरान सूरज कुमार वर्मा, अंकित चौधरी, जयशंकर राव, पंकज शाहू, भूपेन्द्र सिंह चौहान, पवन कुमार यादव, जय कुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। सातों आरोपी छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। उन्होंने बताया है कि, गिरोह के वांछित आठ आरोपियों की तलाश के लिए टीमें जुटी हैं। जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें भी जेल भेजा जाएगा।



ऑनलाइन ठगी के मामले में जानकारी देते एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार।

### ऑनलाइन ठगी से कैसे बचें

ऑनलाइन ठगी के मामले भी बढ़ रहे हैं। ठग भी लोगों को शिकार बनाने के नए-नए तरीके खोज रहे हैं। अब ये ऑनलाइन दोगुना मुनाफे का झांसा देकर ऐप्स का क्लोन बनाकर ठगी कर रहे हैं। ठगी करने वाले लोग किसी भी वेबसाइट के नाम से मिलती-जुलती एक दूसरी साइट बना देते हैं। इसे ओपन करने पर यह बिलकुल असली साइट के जैसी ही दिखती है। हालांकि, असली साइट से इसका कुछ भी लेना-देना नहीं होता है। सतर्क रहकर ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं। किसी भी तरह के ऑफर और लालच में ना आएं, अनजान व्यक्ति से फोन पर बात कर उसके बहकावे में ना आएं, अच्छी तरह जांच करने के बाद ही किसी भी बैंक खाते में राशि डालें। फेसबुक, ट्विटर आईडी का पासवर्ड स्ट्रांग रखें, सरल पासवर्ड न रखें। कोई रुपयों की मांग करता है, तो पहले जांच लें या मैसेज करने वाले से फोन पर संपर्क करें। बैंक कर्मचारी कभी भी फोन पर डिटेल्स नहीं मांगते हैं। साइबर ठगी का शिकार होने पर ऑनलाइन माध्यम से 1930 पर कॉल कर सकते हैं या फिर नजदीकी साइबर थाने में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### वांछित आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस अंतर्राज्यीय गिरोह पर नकेल कसने की पूरी तैयारी से जुटी है। वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के छापेमारी की जा रही है। विपुल, नीलेश, दिनेश ठक्कर, मनोज कुमार, अपूर्व, कैतुल, समद और रितेश सभी आठ आरोपी अहमदाबाद के सम्पद अलटीमा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।

> पुलिस को शातिर साइबर ठगों तक पहुंचने में बड़ी सफलता मिली है। बुधवार को अंतर्राज्यीय गिरोह के दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूर्व में गिरफ्तार कर सात जालसाजों को जेल भेजा जा चुका है। आम लोगों को दोगुना मुनाफे का झांसा देकर जाल फंसाकर पैसे ट्रांसफर कराते थे। आरोपियों के तार चीन और दुबई से भी जुड़े हैं। जिसकी छानबीन चल रही है। जल्द से जल्द खुलासा किया जाएगा।
>
> -सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी क्राइम

## दबंगों ने चाचा भतीजे को लाठी डंडों से पीटा, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में दबंगों ने चाचा-भतीजे की जमकर पिटाई कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी साहिल के मुताबिक, कुछ दिन पहले आलेहसन पेट्रोल पंप के पास से वह खाना लेने जा रहा था। आरोप है कि कस्बा निवासी फैजान, वाहिद, राशिद और शहनवाज ने रोक लिया और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। भतीजे को बचाने मौके पर पहुंचे चाचा राशिद की भी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। आसपास के लोगों को आते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# नए पुल के निर्माण कार्य में आई तेजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शहर को लाइनपार से जोड़ने के लिए कपूर कंपनी के नए पुल के निर्माण का कार्य तेज कर दिया गया है। मौजूदा समय में नए पुल के लिए खोदी गई नींव को भरने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस बीच लखनऊ कार्यशाला से नए पुल के हिस्से 12 कॉलम तैयार होकर आ गए हैं। जल्द ही कॉलम को स्थापित करने का काम किया जाएगा।

लाइनपार की लगभग चार लाख की आबादी को महानगर से जोड़ने वाला कपूर कंपनी का पुल काफी समय से दोपहिया वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ा है। मौजूदा समय में कपूर कंपनी पुल पर सिर्फ पैदल आवाजाही है। लेकिन, लोगों को हुई परेशानी के चलते रेलवे ने नया पुल बनाने का निर्णय लिया। जिसके बाद नये पुल का डिजाइन बनाकर मुख्यालय भेजा गया। जिसके बाद पुल का निर्माण शुरू कराया गया। नया पुल लखनऊ स्थित रेलवे की वर्कशाप में तैयार कराया जा रहा है।

वहीं रेलवे की टीम ने कपूर कंपनी पर नया पुल बनाने के लिए नींव रखने का काम शुरू कर दिया गया है। इस काम को काफी तेजी से कराया जा रहा है। वहीं रेलवे की इंजीनियरिंग टीम का प्लान है कि बारिश से पहले जितना काम कर लिया जाएगा। पहले नया पुल सितंबर तक तैयार करने की योजना थी, लेकिन इसमें बारिश खलल डाल सकती हैं। इसलिए नवंबर तक काम पूरा हो पाएगा। नजीबाबाद की निजी फर्म पुल की नींव खोदने, कंक्रीट भरने व पुल को स्थापित करने का काम कर रही है। 170 मीटर लंबे पुल का टेंडर दो हिस्सों में किया गया है। रेलवे की लखनऊ स्थित कार्यशाला लोहे के पुल का निर्माण कर रही है। जबकि निजी फर्म को इसे स्थापित करने के लिए ठेका दिया गया है।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि नया पुल तैयार हो रहा है। जल्द से जल्द इसे पूरा करने की कोशिश की जा रही है।



कपूर कंपनी पुल के लिए तैयार होते पिलर। ● अमृत विचार

## बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**मुरादाबाद/अगवानपुर, अमृत विचार:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

सिविल लाइन थाना प्रभारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के मेहलकपुर निजामपुर निवासी विमल मंगलवार देर रात रिश्तेदार को उनके घर शेरवा के निकट छोड़ने के लिए बाइक से निकला था। लौटते समय कांठ रोड़ अगवानपुर के पास विमल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने थाने में सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने विमल की हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है व शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# एसएसपी ने किया बड़ा फेरबदल, 18 प्रभारी बदले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के दो सप्ताह बाद शहर के पुलिस महकमे में एक साथ बड़ा फेरबदल हुआ है। बुधवार को जिले के 18 थाना प्रभारियों को इधर से उधर कर दिया है। वहीं चार सीओ के सर्किल में भी बदलाव हुआ है।

एसएसपी हेमराज मीना के मुताबिक, जनपद में एक ही थानों में सालों से डटे पुलिसकर्मियों को नई जिम्मेदारी तो किसी को पुलिस लाइन में संबद्ध किया गया है। जबकि पुलिस विभाग की नियमावली में एक थाने व चौकी में पुलिसकर्मी की तैनाती की अधिकतम समय सीमा तीन साल तक होती है। लेकिन, कई थाना प्रभारी सालों से एक ही थाने में डटे हुए थे। एसएसपी के मुताबिक, चुनाव संपन्न होने के बाद फेरबदल हुआ है। जिनमें 18 थानों के प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है। वहीं चार सीओ सर्किल में परिवर्तन कर नया क्षेत्राधिकार सौंपा है। जिनमें आशीष प्रताप सिंह को सीओ यातायात की जगह सीओ कटघर की जिम्मेदारी मिली है। रुद्र कुमार सिंह अब यातायात का जिम्मा संभालेंगे। राजेश कुमार सीओ ठाकुरद्वारा की कमान सौंपी है, वहीं राजेश कुमार तिवारी के ठाकुरद्वारा क्षेत्राधिकार में परिवर्तन कर बिलारी सीओ की जिम्मेदारी दी है। एसएसपी ने बताया है कि शैलेंद्र चौहान प्रभारी निरीक्षक ठाकुरद्वारा, अर्जुन त्यागी को थानाध्यक्ष छजलैट, चमन सिंह को थानाध्यक्ष नागफनी को कार्यमुक्त करके पुलिस लाइन से संबद्ध किया है। जहां से तीनों की पुलिस लाइन में आमद होने के बाद गैर-जनपद के लिए रवानगी की जाएगी।

### इन थानों के प्रभार में किया बदलाव

| नाम | पहले | अब |
|---|---|---|
| संदीप मिश्रा | प्रभारी सर्विलांस सेल | प्रभारी सिविल लाइन |
| रामप्रसाद | प्रभारी सिविल लाइन | प्रभारी चुनाव सेल |
| संजय कुमार | प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी | प्रभारी नि. कटघर |
| तेजवीर सिंह | प्रभारी नि. कटघर | अपराध शाखा |
| राजीव कुमार शर्मा | साइबर थाना | प्र.निरीक्षक कुंदरकी |
| प्रदीप कुमार | सीओ ठाकुरद्वारा विवेचना | प्र.नि. डिलारी |
| पवन कुमार | थानाध्यक्ष डिलारी | साइबर थाना |
| कुलदीप कुमार | चौकी प्र. कस्बा पाकबड़ा | थानाध्यक्ष मुगलपुरा |
| मनोज कुमार | प्र. नि. मुगलपुरा | प्र.नि. एएचटीयू |
| लखपत सिंह | प्र.नि. एएचटीयू | प्र.नि. छजलैट |
| उमाशंकर | थाना मझोला | प्र.नि. नागफनी |
| सर्वेद्र शर्मा | प्र.नि. मैनाठेर | प्र.नि. सोनकपुर |
| किरनपाल सिंह | प्र.नि. सोनकपुर | प्र.नि. मैनाठेर |
| राजीव चौधरी | प्रभारी चुनाव सेल | प्र.नि. ठाकुरद्वारा |
| मोहित चौधरी | प्र. एंटी फ्रॉड सेल | प्र.नि. साइबर थाना |
| शैलेंद्र चौहान | प्र.नि. ठाकुद्वारा | पुलिस लाइन अटैच |
| अर्जुन त्यागी | थानाध्यक्ष छजलैट | पुलिस लाइन अटैच |
| चमन सिंह | थानाध्यक्ष नागफनी | पुलिस लाइन अटैच |

### आयोजन

जिगर मंच पर अपने चहेते कलाकार अल्ताफ राजा की झलक पाने को उत्सुक रहे महानगर के दर्शक

# आवारा हवा का झोंका हूं, आ निकला हूं दो पल के लिए...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बॉलीवुड गायक अल्ताफ राजा के गानों का जादू बुधवार को दर्शकों के सिर चढ़कर बोला, इश्क और प्यार का मजा लीजिए, थोड़ा इंतजार का मजा लीजिए...की प्रस्तुति से उनके मोहपॉश में सभी दर्शक बंध गए। दर्शक दीर्घा में बैठे लोग झूमने लगे। वहीं उनकी एक झलक देखने के लिए लोग बेताब रहे। अपनी प्रस्तुतियों से अल्ताफ राजा ने सभी को खूब प्रभावित कर अपनी उपस्थिति यादगार बना दी।

जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत बुधवार को अल्ताफ राजा नाइट का आयोजन किया गया। अपने पसंदीदा गायक को देखने के लिए शाम से ही जिगर मंच पर दर्शक पहुंचने शुरू हो गए। पहले स्थानीय कलाकारों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। डीजे पर बॉलीवुड गानों की धुन के बीच जैसे जिगर मंच पर अल्ताफ राजा पहुंचे तो श्रोताओं ने अपने चहेते कलाकार का तालियां और सीटियां बजाकर स्वागत किया। अल्ताफ राजा ने पहले लोगों से मंच के माध्यम से नजदीकियां बढ़ाई और अपने चुटीले अंदाज में लोगों को गुदगुदाया। इसके बाद आवारा हवा का झोंका हूं... समेत अन्य गीतों पर अपने आवाज के जादू से सभी को दीवाना बना दिया। उन्होंने अपने गीतों पर लोगों को खूब नचाया। जब उन्होंने तुम तो ठहरे परदेशी, साथ क्या निभाओगे, सुबह पहली गाड़ी से, घर को चले जाओगे....सुनाया तो युवाओं का जोश हिलोरे मारने लगा। सभी ने उनके सुर में सुर मिलाकर अपना उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में देर रात तक लोग जमे रहे। वहीं पुलिस व प्रशासन के अधिकारी व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।





जिगर मंच पर गीत प्रस्तुत करते अल्ताफ राजा और कार्यक्रम में मौजूद दर्शक। ● अमृत विचार




रूबरू बैठक में शामिल लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# निर्यातकों, अधिकारियों में हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लघु उद्योग भारती की ओर से आयोजित रूबरू बैठक में बुधवार को प्रदूषण व भूजल विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर निर्यातकों एवं अधिकारियों के बीच चर्चा हुई।

अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई रूबरू बैठक में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के साथ लघु उद्योग भारती के सदस्यों ने भारी संख्या में सहभागिता कर अपनी समस्याओं से विभाग को अवगत कराया। विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी की समस्याओं को एक-एक कर के सुना गया व समाधान के उपाए भी बताए। बैठक में प्रदूषण विभाग क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष चौहान, सहायक अधिशाषी अभियंता जेएन तिवारी, केंद्रीय भूजल प्राधिकरण से सौरभ शाह, मेरठ संभाग के महामंत्री अमित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मयंक अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, सचिन कपूर, निश्चल आर्य, विकास अरोड़ा, संजय मेहरोत्रा, गौरव ओहरी, अमित चौधरी, अनुज गर्ग, रजत अग्रवाल, दीपक मेहरोत्रा व अनिल कुमार शामिल रहे।

## एक नजर

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**अगवानपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसका आयोजन जिला यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आसिफ सैफी के नेतृत्व में किया गया। वही, कांग्रेस नेता दानिश सैफी ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान आसिफ सैफी ने कहा कि युवाओं में राहुल गांधी के प्रति स्वीकार्यता बढ़र है। राहुल गांधी ने लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लंबा संघर्ष किया है।

### पैसे लेकर ट्रक चालक फरार, दी तहरीर

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी फिरोज ने अपने ट्रक चालक पर ट्रक के भाड़े के 50 हजार रुपये लेकर फरार होने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र रसूल पुर निवासी फिरोज ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि उसका ट्रक अमरोहा क्षेत्र का वसीम चलाता है। जोकि हरिद्वार से गाड़ी में माल भर कर हैदराबाद के लिए लाया था। कंपनी की ओर से एडवांस पेमंट के तौर पर 50 हजार रुपये मिले थे। आरोप है कि चालक वसीम 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। पीड़ित ट्रक स्वामी ने पुलिस से आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

### भगवान को सुनाओ अपना दुख, करेंगे निवारण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार प्रथम में पांच दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन बुधवार को बरेली फरीदपुर के रामकथा वाचक मानस मर्मज्ञ पंडित बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि अपना दुख हमेशा भगवान को सुनाओ, भगवान तुम्हारा दुख सुनेंगे ही नहीं उसका निवारण भी करेंगे।



पं.बृजेश पाठक।

कथा वाचक ने कहा कि संसार के लोगों का स्वभाव होता है जब हम उन्हें अपना दुख और पीड़ा सुनाते हैं, तब वह संवेदना दिखाते हुए रो कर सुन लेते हैं और बाद में हंसकर के समाज में कह देते हैं, इससे हमें कुछ लाभ तो नहीं होता हमारी मान प्रतिष्ठा जरूर चली जाती है। व्यवस्था में गोरखनाथ प्रसाद, ज्ञानचंद गुप्ता, निमित जायसवाल, राधेमोहन शर्मा, महेन्द्र जसूजा, सुनील शर्मा, पं. हेमंत भट्ट, पं. देवेन्द्र ओझा, रविकांता, मीनाक्षी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं का समाधान करें अधिकारी

## सहकारी समिति मूंढापांडे के जर्जर गोदाम को ठीक कराने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने किसान दिवस में अधिकारियों से कहा कि किसानों की खाद, बीज और बिजली से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करें। अधिकारियों व किसानों में संवादहीनता नहीं होनी चाहिए। आपसी संवाद से बेहतर तरीके से कार्य करें।

जिलाधिकारी बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस के आयोजन की अध्यक्षता कर रहे थे। इसमें किसानों ने बिजली, गन्ना मूल्य के बकाए का भुगतान, बैंक से ऋण आदि मिलने में परेशानी और सड़क निर्माण के साथ खाद, बीज की पर्याप्त उपलब्धता की समस्या गिनाई। इस पर जिलाधिकारी ने किसानों की उचित समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि किसानों की समस्याओं का




कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों की समस्याएं सुनतें जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य।

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ किसान दिवस का आयोजन

सकारात्मक दृष्टिकोण से समाधान होना चाहिए। जो समाधान किया जाए उसकी जानकारी संबंधित किसान को दें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि किसानों के उत्पीड़न की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। अन्यथा कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी से जिले में खाद की उपलब्धता की जानकारी मांगी। बताया गया कि डीएपी, एनपीके और यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कृषकों ने बताया कि मूंढापांडे सहकारी समिति का गोदाम जर्जर हालत में है और टपकने से इसमें रखा उर्वरक खराब हो जाता है। इस पर जिलाधिकारी ने एआर को-आपरेटिव को इसे ठीक कराने का निर्देश दिया।

बिलारी शुगर मिल द्वारा 2 करोड़ का भुगतान तथा 47 करोड़ का बकाया रहने पर किसानों ने अपनी पीड़ा बताई। जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को गन्ना भुगतान जल्द कराने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जर्जर सड़कों को ठीक करने, सिंचाई विभाग को नहरों में पानी छोड़ने और चकबंदी विभाग के अधिकारियों से वादों का निस्तारण करने के लिए कहा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कंसल, भूमि संरक्षण अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, गन्ना, मंडी, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग के और शुगर मिल के प्रबंधक और अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

### बिजली विभाग के अधिकारी सुधारें कार्यप्रणाली

किसानों ने बताया कि ट्यूबवेल की बिजली मुफ्त देने की घोषणा के बाद भी बिल वसूला जा रहा है। बिजली की आपूर्ति शेड्यूल के अनुसार नहीं मिल रही है। संबंधित जेई किसानों का फोन भी नहीं उठा रहे है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को बिजली बिलों का सुधार कराने और जेई को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत दी।

### छुट्टा पशुओं के लिए लगवाएं टिन शेड

मूंढापाण्डे क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के घूमने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र में सर्वे कराएं और गोशालाओं की क्षमता से अधिक छुट्टा पशु होने पर नया टिन शेड डलवाकर गोवंश का संरक्षण कराएं।



पार्टी कार्यालय पर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर काटा केक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चौमुखा पुल स्थित कांग्रेस के महानगर कार्यालय पर बुधवार को कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मनाया। केक काटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु की कामना की।

महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने कहा की लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन में उनके कुशल नेतृत्व के कारण ही भाजपा बैसाखी सरकार बनाने पर मजबूर हुई। इस दौरान शिवराज सिंह गुर्जर, अनुराग शर्मा जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, अरशद परवेज एडवोकेट, फहीम मिर्जा पूर्व संगठन मंत्री, हाजी वसीम, डा. बीके वारसी, अनिल गुर्जर, मोहसिन खान, समीर , रईस उल कलाम, लईक पाशा, आसिफ नवाब, कबीर अहमद,रिजवान, उवैद उल्ला, परवीन, मीनू शर्मा, रिंकी सैनी, जाकिर पहलवान, मोहम्मद रफी, सुरेंद्र पाल गुप्ता, रजनीश गुप्ता, रईस बेग, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों में 28 जून से शुरू होगा शिक्षण कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 25 जून से खुलेंगे स्कूल, शिक्षक व कर्मचारी आएंगे, पहले दो दिन लगाए जाएंगे समर कैंप

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियों के बाद परिषदीय विद्यालय 25 जून से खुल रहे हैं। हालांकि बच्चे 28 जून से स्कूल आएंगे। विद्यालय आने पर उनका रोली- टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा। साथ ही स्कूलों को भी रंगोली, झंडी, गुब्बारों से सजाया जाएगा। इस दिन मिड-डे-मील में भी हलवा-खीर बनेगा।

परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 18 जून को समाप्त हो रही थीं। लेकिन, भीषण गर्मी को देखते हुए छुट्टियां एक सप्ताह और बढ़ा दी गई हैं। विद्यालय 25 जून खुलेंगे और सिर्फ शिक्षक कर्मचारी स्कूल आएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि स्कूल को खोलकर क्लास रूम व लाइब्रेरी की साफ-सफाई, पानी की टंकी, किचेन, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि 28 जून से जब बच्चे आएंगे तो शुरू के दो दिन 28-29 जून को समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें अभिभावकों को भी बुला सकते हैं। दो दिन विद्यालय सुबह 7.30 से 10 बजे तक ही चलेंगे। वहीं एक जुलाई से विद्यालय सुबह 7.30 से दोपहर 1.30 बजे तक चलेंगे और नियमित पठन- पाठन का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान फिर से चलाया जाएगा।

### रामगंगा विहार में अज्ञात युवक का शव मिला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थान क्षेत्र में बुधवार देर रात पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया है। जिसकी शिनाख्त की जा रही है। पुलिस शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया है कि रामगंगा विहार कॉलोनी में बुधवार देर रात एक शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर लिया है। जिसके शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया है कि शव की शिनाख्त के लिए शहर के थानों में सूचना दी गई है। सोशल मीडिया का भी शिनाख्त के लिए सहारा लिया जा रहा है। आसपास के लोगों से भी पूछताल की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कुश्ती में अभिषेक ने हासिल किया पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता में बुधवार को कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, क्रिकेट बालक वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी गुलाब चन्द्र रहें। कुश्ती में 40 किलोग्राम भार में अभिषेक ने पहला, तक्ष कसाना ने दूसरा और सिकंदर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं 46 किग्रा वर्ग में अयान खान ने प्रथम, अनिकेत ने और रितिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 52 किग्रा में अर्श खान ने पहला, नकुल ने दूसरा और रवि ने तीसरा स्थान हासिल किया। 57 किग्रा में रिषभ ने पहला, अमन सिंह ने दूसरा और लकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 63 किग्रा में रिंकू पहले, गगन दूसरे और फईम तीसरे स्थान पर रहें। 67 किग्रा में मनवीर ने पहला, समीर ने दूसरा



स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुरस्कृत खिलाड़ी, साथ में एडीएम गुलाब चंद्र व आयोजक।

- सोनकपुर स्टेडियम में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता का दूसरा दिन

और राहुल ने तीसरा स्थान हासिल किया। 72 किग्रा में सोमवीर ने कृष्णा पहले, गोलू दूसरे और अरविंद तीसरे स्थान पर रहें। वहीं बालिका वर्ग में 36 किग्रा में कृतिका ने पहला, मंजली सिंह ने दूसरा और सोनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। 46 किग्रा में प्रियांशी ने पहला, राशिका ने दूसरा और कंचन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 63 किग्रा में अंजली सिंह पहले, विशाखा दूसरा और अंजली तीसरे स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में कु आचल, करतार सिंह, विक्रम पहलवान, गोविंद यादव, प्रेम शंकर, दिलीप गुप्ता मौजूद रहें। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, डॉ. अजय पाठक, पवन कुमार सिसोदिया, अनुपम सिंह, वाजिद खान आदि मौजूद रहे।

### आदित्य व ख्याति प्रथम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जूडो बालक वर्ग में 35 किग्रा वर्ग में आदित्य ने पहला, रिदान ने दूसरा और यशमित ने तीसरा स्थान हासिल किया। 40 किग्रा भार वर्ग में ध्रुव शर्मा पहले, आर्थव दूसरा और शुभ तीसरे पायदान पर रहें। 40 प्लस किलोभार में प्रथम आदित्य, द्वितीय अविरल और तृतीय आयुष रहें। 55 किग्रा पार्थ पहले, सभ्य सांची दूसरे और हनी तीसरे स्थान पर रहीं। उधर, बालिका वर्ग में 32 किग्रा ख्याति ने पहला, सानवी ने दूसरा और अनवी ने तीसरा स्थान हासिल किया। 36 किग्रा में सुहानी राय, 48 किग्रा में अराध्य धारीवाल और 40 किग्रा में दीक्षा ने पहला स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों में संजय गिरि, रूचि, लव कुमार, प्रिया दिवाकर, शिवानी रहें।

**योगा में इन खिलाड़ियों ने बाजी मारी :** योगा बालक वर्ग में यश, पारस, कासिफ प्रथम रहे, जबकि बालिका वर्ग में परिनिता दीक्षित, प्रज्ञा चौहान, प्रिया, प्रियंका और खुशीपाल ने बाजी मारी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सिंहपुर, वि0खण्ड, बहजोई, जिला सम्भल

पत्रांकः- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांकः- 19/06/2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिंहपुर वि०ख० बहजोई जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 20/06/2024 से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27/06/2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 12.30 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेंगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम0एम0 बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/समोशम 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर/बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी0सी0 बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मीटर | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत पिलर | नग/फीट | |
| 33 | आर0सी0सी0 पीलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी0वी0सी0 पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 लीटर | |
| 37 | 32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुन्तल | |
| 40 | आर्यन सीट/Roof सीट | प्रति किलो. | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सिंहपुर
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत सिंहपुर
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल



## कार्यालय ग्राम पंचायत पगौना, वि0खण्ड, बहजोई, जिला सम्भल

पत्रांकः- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांकः- 19/06/2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पगौना वि०ख० बहजोई जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 20/06/2024 से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27/06/2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 12.30 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेंगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम0एम0 बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/समोशम 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर/बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी0सी0 बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मीटर | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत पिलर | नग/फीट | |
| 33 | आर0सी0सी0 पीलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी0वी0सी0 पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 लीटर | |
| 37 | 32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुन्तल | |
| 40 | आर्यन सीट/Roof सीट | प्रति किलो. | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पगौना
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत पगौना
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल



## कार्यालय ग्राम पंचायत दिलगौरा, वि0खण्ड, बहजोई, जिला सम्भल

पत्रांकः- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांकः- 19/06/2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दिलगौरा वि०ख० बहजोई जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 20/06/2024 से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27/06/2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 12.30 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेंगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम0एम0 बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/समोशम 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर/बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी0सी0 बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मीटर | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत पिलर | नग/फीट | |
| 33 | आर0सी0सी0 पीलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी0वी0सी0 पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 लीटर | |
| 37 | 32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुन्तल | |
| 40 | आर्यन सीट/Roof सीट | प्रति किलो. | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दिलगौरा
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत दिलगौरा
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल



## कार्यालय ग्राम पंचायत भरतपुर, वि0खण्ड, बहजोई, जिला सम्भल

पत्रांकः- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांकः- 19/06/2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरतपुर वि०ख० बहजोई जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 20/06/2024 से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27/06/2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 12.30 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेंगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम0एम0 बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/समोशम 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर/बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी0सी0 बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मीटर | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत पिलर | नग/फीट | |
| 33 | आर0सी0सी0 पीलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी0वी0सी0 पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 लीटर | |
| 37 | 32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुन्तल | |
| 40 | आर्यन सीट/Roof सीट | प्रति किलो. | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भरतपुर
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत भरतपुर
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल



## कार्यालय ग्राम पंचायत रम्पुरा, वि0खण्ड, बहजोई, जिला सम्भल

पत्रांकः- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांकः- 19/06/2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रम्पुरा वि०ख० बहजोई जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 20/06/2024 से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27/06/2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 12.30 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेंगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम0एम0 बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/समोशम 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर/बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी0सी0 बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मीटर | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत पिलर | नग/फीट | |
| 33 | आर0सी0सी0 पीलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी0वी0सी0 पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 लीटर | |
| 37 | 32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुन्तल | |
| 40 | आर्यन सीट/Roof सीट | प्रति किलो. | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रम्पुरा
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत रम्पुरा
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल

## एक नजर

### भाकियू अराजनैतिक की आज होगी पंचायत

**कांठ, अमृत विचार :** गुरुवार को तहसील परिसर में विभिन्न मुद्दों को लेकर भाकियू अराजनैतिक पंचायत करेगी। पंचायत के बाद एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक मुरादाबाद मंडल के महासचिव जितेंद्र बिश्नोई उर्फ जीतू ने बताया कि भाकियू अराजनैतिक की पंचायत तहसील परिसर में होगी। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं के साथ ही क्षेत्रीय मुद्दों को भी उठाया जाएगा। इसी के साथ मांगों के संबंध में एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन भी दिया जाएगा।

### शांति भंग की आशंका में नौ गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस ने शांति भंग की आशंका में नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कांठ पुलिस ने रामकरन, प्रवेश कुमार, हरि सिंह, नन्हे निवासीगण ग्राम गढी थाना कांठ, विशाल निवासी ग्राम अकबरपुर चैदरी, बन्ने उर्फ गुलफाम अली, निवासी भीकनपुर, फुरकान, शहजाद निवासी नया गांव अकबरपुर चैदरी, बेगराज निवासी ग्राम ध्यानपुरा को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### खेत में खड़ी बाइक चोरी

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में चोर ने किसान की खेत में खड़ी बाइक चुरा ली और फरार हो गया। किसान की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम बेगमपुर निवासी वसीम अहमद पुत्र मुस्तकीम अहमद 16 जून को अपनी बाइक से अपने खेत पर गया था। बाइक खेत में खड़ी करके वह गन्ने के खेत में चला गया। इस बीच चोर उसकी बाइक को लेकर फरार हो गया था। जब वसीम ने आकर देखा तो उसे खेत पर बाइक नहीं मिली। वह अपने पिता मुस्तकीम के साथ थाना कांठ पहुंचा और तहरीर दी।

### महिला से मारपीट

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में गांव निवासी महिला ने अपने देवर पर मारपीट कर घर से निकलने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी देवर पर कार्रवाई की मांग की है।

# अधिवक्ता व लेखपाल आमने-सामने

## लेखपाल से मारपीट में पुलिस ने दो अधिवक्ताओं पर दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा में एसडीएम को ज्ञापन देते लेखपाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लेखपाल से मारपीट के आरोप में दो अधिवक्ताओं के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इसके बाद एक तरफ जहां बार एसोसिएशन ने बैठक कर एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय का बहिष्कार करने के साथ गुरुवार को कोतवाली में धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है वहीं दूसरी ओर लेखपाल संघ ने एसडीएम को ज्ञापन देकर नामजद अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की है।

तहसील कार्यालय में मंगलवार को ग्राम सहसपुरी के लेखपाल मुनेश कुमार और अधिवक्ता योगेंद्र यादव एवं कुलवंत सिंह के बीच विवाद हो गया था। बीती रात लेखपाल मुनेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अधिवक्ता योगेंद्र यादव और कुलवंत सिंह के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट

- **लेखपालों ने की नामजद अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी की मांग**

की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को घटना को लेकर एक तरफ अधिवक्ता लंबबंद हो गए। उन्होंने पुलिस को तहरीर देने के साथ ही ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन की ओर से बैठक कर एसडीएम तहसीलदार और नायब तहसीलदार के न्यायालय बहिष्कार की चेतावनी दी है। ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार के अनुसार पुलिस ने दो अधिवक्ताओं के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया है। इसके खिलाफ कोतवाली पर गुरुवार को 12 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा को ज्ञापन देकर नामजद अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष उमेश कुमार, मंत्री हिमांशु, मुनव्वर अली, नीतीश कुमार, मनोज कुमार विकास कुमार, पीयूष कुमार आदि थे।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, महिला समेत दो घायल

**छजलैट, अमृत विचार:** लिंटर खोलने के दौरान मिट्टी गिर जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई व दो व्यक्तियों को मामूली चोटे आई।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम रवाना निवासी रियासुद्दीन पुत्र इकरामुद्दीन के मकान का लिंटर खोला जा रहा था। लिंटर खोलते समय पड़ोस के घर में मिट्टी गिर जाने से गांव के ही शकील, साबिर, कफील, नदीम फहीम आ गए उन्होंने लिंटर खोल रहे मिस्त्री नफीस को गाली देनी शुरू कर दी। इसी बीच नफीस पत्नी परवीन भी बीच में आ गई।

लेकिन आरोपियों ने परवीन को पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसको काफी चोटे आईं। बचाव में आए सलमान, अकरम व नफीस को भी मामूली चोटे आई हैं। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप



पुलिस हिरासत में विद्युत विभाग की टीम पर हमला करने वाले तीनों आरोपी।

### विद्युतकर्मियों पर हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक के थाना मैनाठेर क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व विभाग की टीम पर लाठी-डंडों से हमला कर और पथराव करने वाले पांच आरोपियों में से पुलिस तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कस्बा महमूदपुर माफी में विद्युत उपकेंद्र से 200 मीटर की दूरी पर जब अवर अभियंता जयवीर सिंह और उनकी टीम में शामिल आशीष शर्मा, विवेक कुमार व आले इमरान राजस्व की वसूली कर रहे थे तभी उन पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला और पथराव किया। जिसमें जेई जयवीर सिंह घायल हो गए थे। बुधवार को पुलिस ने हमला करने और गाली गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी देने वाले तीन नामजद आरोपी चोखे सैनी पुत्र ख्याली सैनी, हरिओम पुत्र टीका राम, बुद्धा पुत्र डालचन्द सैनी निवासी महमूदपुर माफी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को अवर अभियंता ने तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।



गांव बहेड़ी ब्रह्मनान में योग करते साधक। ● अमृत विचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के देवकी नंदन शर्मा इंटर कॉलेज बहेड़ी ब्रह्मनान में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार महिला सशक्तिकरण हेतु योग की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार के निर्देशन में आयुष मंत्रालय द्वारा निर्देशित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सामान्य अभ्यासक्रम प्रोटोकॉल का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इस अभ्यास के क्रम में सर्वप्रथम ईश प्रार्थना, विभिन्न प्रकार की चालन क्रियाएं -ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटी चालन आदि का अभ्यास कराया जा रहा है। इस योगाभ्यास सत्र में आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे भाग ले रहे हैं। कालेज प्रबन्धक पं. राधेश्याम शर्मा एवं ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज द्वारा साधकों के लिए शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जा रही है।



राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

**कुंदरकी, अमृत विचार:** बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान खान समेत कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान केक काटकर व पौधरोपण कर उनकी दीर्घायु की कामना की।

पौधरोपण के पश्चात चौधरी अहसान खान ने कहा कि राहुल गांधी ने सत्ता पक्ष से डरे बिना देश की जनता को जागरूक किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी दाऊद खान, परवेज़ खान, अफल साबरी, नगर अध्यक्ष शौकत, इरफान खान, फारूख ,बग्गा चौधरी, शाकिर कुरैशी, अब्दुल्ला खान, शादाब खान आदि मौजूद रहे।

# तेंदुए का शावक मिलने से दहशत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के ग्राम पाइंदापुर में एक किसान के खेत में तेंदुए का शावक मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम और थाना पुलिस ने तेंदुए के शावक की निगरानी कर जंगल में कांबिंग की, परंतु टीम को सफलता नहीं मिली है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर ने लोगों से जंगल में सतर्क रहने की अपील की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम पाइंदापुर निवासी किसान सुच्चा सिंह के खेत में बुधवार को लोगों ने तेंदुए का शावक देखा तो वह घबरा गए। किसान सुच्चा सिंह के स्वजनों ने मामले की जानकारी थाना कांठ पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तथा वन विभाग के



किसान के खेत में मिला तेंदुए का शावक

डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह वन विभाग की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वहां पर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मौके पर एक तेंदुए का शावक उन्हें खेत में मिला। दूसरा शावक नहीं मिला। जिसको लेकर वन विभाग की टीम और थाना पुलिस

**कार्रवाई**

- ग्राम पाइंदापुर में ग्रामीणों ने वनकर्मियों को दी सूचना
- वन विभाग की टीम व पुलिस ने जंगल में की कांबिंग

ने आसपास के जंगल में कांबिंग की। परंतु न तो तेंदुए का दूसरा शावक मिला और न ही तेंदुआ मिला।

तेंदुए के शावक मिलने की घटना से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि तेंदुए का दूसरा शावक एवं तेंदुआ आसपास के जंगल में ही है। सभी लोग सतर्क रहें और यदि जंगलों में जाएं तो लाठी-डंडे लेकर और टोली बनाकर जाएं। देर शाम तक वन विभाग की टीम तेंदुए के शावक की निगरानी में लगी हुई थी।



शिवसेना के स्थापना दिवस पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता।

## शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का 58वां स्थापना दिवस

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर के प्राचीन पौणा खेड़ा मंदिर स्थित शिव सेना कार्यालय पर शिवसेना के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व मिष्ठान का भोग लगाकर पार्टी का 58 वां स्थापना दिवस मनाया।

बुधवार को शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान शिवसेना के जिला प्रमुख राजीव सक्सेना ने कहा कि शिव सैनिकों को

- **बाला साहब ठाकरे के चित्र पर अर्पित की पुष्पांजलि**

नगर व गांव में ज्यादा से ज्यादा शिव सैनिक को जोड़कर समाज के कार्य करते रहने चाहिए। शिवसेना हमेशा से देश सेवा, समाज सेवा, गो सेवा के कार्य करती आई है और आगे भी करती रहेगी। इस दौरान जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, संतोष कुमार, महेश सिंह, सुशील शर्मा, हरी बाबू, दिनेश, आजाद, रवि शंकर रस्तोगी, भूरा भाई, अर्जुन सिंह, पुखराज गुप्ता, अभिषेक शर्मा, राजीव ठाकुर, मयूर गुप्ता, यादराम सिंह, प्रवीण ठाकुर, संदीप बंसल, रवि शंकर शर्मा, आकाश गुप्ता, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता के ढाबे पर बदमाशों ने की लूटपाट, रिपोर्ट दर्ज

**अगवानपुर, अमृत विचार:** स्कॉर्पियो से आए बदमाशों ने ढाबे पर खाना खाया फिर ढाबा स्वामी के भतीजे के ऊपर दाल का पतीला पलट दिया। साथ ही गल्ले से आठ हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। नगर पंचायत के मोहल्ला पेपर मिल निवासी भाजपा नेता सूरज सिंह पुत्र कल्लू सिंह का कांठ रोड पर गुरुनानक ढाबा है। मंगलवार को उनका भतीजा राहुल ढाबे पर मौजूद था। इस दौरान लगभग 9 बजे एक स्कॉर्पियो गाड़ी आकर रुकी। जिसमें से कुछ लोग उतरे और ढाबे पर खाना खाया और बिना पैसे दिए जाने लगे। राहुल ने खाने के पैसे मांगे जिस पर उन लोगों ने राहुल से मारपीट की और ढाबे पर रखे बर्तन फेंकने शुरू कर दिए। इतना ही नहीं आरोपियों ने राहुल पर दाल से भरा पतीला पलट दिया और ढाबे के गल्ले से रखे आठ हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रसादी पुत्र गंगा राम निवासी ग्राम जेवड़ी जेवड़ा बताया जबकि दूसरे आरोपी का नाम बिपिन कुमार पुत्र इंद्र सिंह निवासी ग्राम जेवड़ी जेवड़ा बताया।

## लू के थपेड़ों व तेज धूप से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के साथ लू के थप्पड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया है। प्रतिदिन तापमान बढ़ रहा है। मनुष्य के साथ-साथ पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। बुधवार को सूरज की तेज तपिश और भीषण गर्मी के कारण घरों में लगे पंखे, कूलर, एसी गर्म हवा फेंक रहे हैं। लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।

गर्मी के बीच सूरज की तपिश और लू से लोग बेहाल हैं। दोपहर को लोगों की आवाजाही कम होने से नगर के बाजारों में सन्नाटा पसरा है। लोग सुबह और शाम को ही खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। आसमान से बरसती आग के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। दोपहर में बुध बाजार, बाजार गंज, रामपाल द्वार, अस्पताल रोड, नगलिया रोड, बड़ा बाजार, पीपल टोला, कमलापुरी चौराहा पर इक्का-दुक्का लोग ही सड़कों पर दिखाई दिए। दुकानदार व व्यापारी दोपहर में ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। वहीं गर्मी के चलते



सूरजन नगर मार्ग पर तेज धूप से बचने के लिए फर्राटा भरता बाइक सवार।

दुधारू पशुओं ने भी दूध देना कम कर दिया है। पशुओं के दूध का उत्पादन कम होने के कारण दूध की कीमत भी बढ़ने लगीं हैं। वहीं गर्मी से बेजुबान पशु-पक्षी भी परेशान हैं। वे भी दोपहर में पेड़ों की छांव व पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं। गर्मी के लोग कोल्ड ड्रिंक, शिकंजी, नारियल पानी व गन्ने का जूस पीकर प्यास बुझा रहे हैं। वही लोग अब गर्मी से राहत पाने के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं।



गांधी मूर्ति चौराहे पर चेकिंग करती कोतवाली पुलिस।

### कोतवाली पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने हाइवे पर व गांधी मूर्ति चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मॉडिफाइड गाड़ी, बिना सीट बेल्ट के कार चालक व काली फिल्म चढ़ाकर गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बुधवार को गांधी मूर्ति चौराहे पर पुलिस ने सायरन वाली गाड़ियों को चेक किया। साथ ही तीन सवारी वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए। डग्गामार वाहनों को थाने में खड़ा कर दिया और कार्रवाई की गई। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह, एसएसआई रामनरेश यादव, इंस्पेक्टर क्राइम राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

**आयोजन** — कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के दीर्घायु की कामना

# केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का 53वां जन्मदिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी और राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की।

नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग जगह पर कांग्रेस नेता का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया। जिसमें नगर के राजीव मार्केट में जिला महासचिव संजीव सिंघल के नेतृत्व में केक काटा गया। वही यूथ कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने



ठाकुरद्वारा के राजीव मार्केट में राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर मौजूद वरिष्ठ कांग्रेस नेता असलम सलमानी ने कहा कि राहुल गांधी की युवा सोच से ही देश तरक्की करेगा। वे देश को एक अलग दिशा में ले जाने की ओर अग्रसर है।

युवा नेता इस्लाम सलमानी ने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देश के सभी वर्गों व युवाओं को एक सूत्र में जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। वही नगर में सेवादल के जिला उपाध्यक्ष शमीम चौधरी के कैम्प कार्यालय पर भी पूर्व अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी।

कार्यक्रम में हाजी मुस्तकीम, अबरार सैफी, मोहम्मद्दीन, मुशाहिद चौधरी, तस्लीम अहमद, इंतेज़ार हुसैन, सलमा आगा, हाजी हनीफ, आसिफ, वसीम अहमद, अब्दुल अंसारी, सलमान अल्वी, विनय कुमार, यासीन कुरैशी सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### रजिस्ट्रेशन कराओ मुफ्त बिजली पाओ

**बिलारी, अमृत विचार:** निजी नलकूप वाले किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत नलकूप की छूट का लाभ मिलने का आखिरी सप्ताह समाप्त होने जा रहा है। बताते चलें कि योजना के अंतर्गत नलकूप कृषकों को मुफ्त बिजली लेने के लिए अपने नलकूप का बिल जमा होने पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। तभी उसे मुफ्त बिजली मिलेगी। विद्युत उपखंड अधिकारी प्रणव चौधरी ने बताया कि विद्युत विभाग में रजिस्ट्रेशन के लिए अपने नलकूप का बिल, घर का बिल और मोबाइल नंबर के साथ किसी भी जन सुविधा केंद्र, बिजली घर व उपखंड कार्यालय में जाकर करवाया जा सकता है। इसलिए छूट का लाभ उठाने के लिए कृषक भाई जल्द रजिस्ट्रेशन कराएं।

## एक नजर

### बीमारी से सिपाही की मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में तैनात सिपाही की मौत हो गई। सिपाही की मौत से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस लाइन में तैनात धीरा सिंह मूल रूप से मुजफ्फरनगर के निवासी थे। उनकी पोस्टिंग 2021 में अमरोहा में हुई थी। बुधवार सुबह सिपाही की मौत हो गई। मृतक के परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। सिपाही पिछले कई दिनों से बीमार था। सिपाही का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### राजकीय महाविद्यालय में छह तक होंगे पंजीकरण

**गजरौला, अमृत विचार :** रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के अन्तर्गत संचालित होने वाले स्नातक त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए अब छह जुलाई तक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उसके बाद प्रिंट आउट महाविद्यालय में जमाकर आवेदन पत्र प्राप्त करके आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा। प्राचार्य इन्द्रदेव सिंह ने इस बारे में जानकारी दी।

### बिजली चोरी रोकने के लिए आज से अभियान

**अमरोहा, अमृत विचार :** पावर कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग के अधिकारी आज से नगर में अभियान चलाएंगे। विद्युत वितरण खंड तृतीय के एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि गुरुवार से नगर में बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। चेकिंग अभियान में विद्युत विजिलेंस टीम के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। बिजली चोरी रोकने के साथ साथ बकाया भुगतान भी वसूल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बकायेदार उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

### कॉलोनी में मिला वृद्ध महिला का शव

**हसनपुर, अमृत विचार :** कॉलोनी के खाली प्लॉट में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। रहरा बस स्टैंड के निकट स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में खाली पड़े प्लॉट में पैर, बाजू व पेट पर जली हुई हालत में वृद्ध महिला का शव मिला। मोहल्ले वासियों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, सूचना मिलते ही डायल 112 एवं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान नहीं हो पाई है।

# चीनी मिल के यार्ड और पशुशाला में लगी आग

## अग्निशमन कर्मियों ने तीन गाड़ियों की मदद से आग पर पाया काबू, बड़ा हादसा बचा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** दि किसान सहकारी चीनी मिल के कूड़े के यार्ड में आग लगने के कारण अफरातफरी मच गई। आग लगने की सूचना पर अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये।

बुधवार दोपहर 12 बजे दि किसान सहकारी चीनी मिल के कूड़ा यार्ड में अचानक आग लग गई। आग की तेज लपटों को देखकर चीनी मिल स्टाफ के पसीने छूट गये, क्योंकि बराबर में ही खोई के ढेर लगे हुए थे। जानकारी पर एसडीएम सुनीता कुमारी, तहसीलदार सुदीप कुमार तिवारी राजस्व विभाग की टीम लेकर मौके पर पहुंचे। कोतवाली पुलिस भी सूचना मिलने पर चीनी मिल पहुंच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड के तीन वाहन आग बुझाने के लिए, चीनी मिल पहुंचे। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि तेज हवा के बावजूद आग खोई तक नहीं पहुंची। यदि खोई में आग लग जाती तो स्थिति खराब हो सकती थी। प्रधान प्रबंधक ने बताया कि अधिक नुकसान नहीं हुआ है। मिल के यार्ड में आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।


चीनी मिल में आग बुझाते लोग। ● अमृत विचार


आग से जली पशुशाला। ● अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर में लगी आग

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में ट्रांसफार्मर धमाके के साथ फट गया। तेल बिखरने से ट्रांसफार्मर में आग लग गई और गांव की बिजली गुल हो गई। मंगलवार रात क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में बिजली आपूर्ति के लिए रखा गया ट्रांसफार्मर तेज धमाके के बाद फट गया। ट्रांसफार्मर से तेल निकलने पर आग भड़क गई। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आपूर्ति बंद कराते हुए किसी तरह आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर फुंकने से गांव में अंधेरा छा गया और घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए।

### ट्रांसफार्मर में फाल्ट से लगी आग

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार को जट बाजार में रखे बिजली के ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया और आग लग गई। आग की लपटें उठने से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। ट्रांसफार्मर में लगी आग की जानकारी लोगों ने तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। विद्युत वितरण खंड तृतीय के एसडीओ जीडी प्रजापति ने आग की जानकारी दमकलकर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर में लगी आग से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को सुचारु करने के लिए अस्थायी ट्रांसफार्मर को रखवाया गया है।

### चार पशु झुलसे

**रहरा, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर आदमपुर क्षेत्र के गांव बहादुरपुर मिश्र निवासी महेश कुमार की पशुशाला में आग लग गई। आग से दो गाय, दो बछड़े झुलस गए। मौके पर पशु चिकित्सालय की टीम पहुंची और पशुओं का उपचार किया। बताया कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था। परिवार के लोग खेत पर काम कर रहे थे एवं महेश मेंथा की टंकी पर काम कर रहा था। मामले की जानकारी तहसील प्रशासन को दे दी गई है।

# कब्रिस्तान में दिखे संदिग्ध व्यक्ति, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** राजपूत कॉलोनी के कब्रिस्तान में मंगलवार देर रात चार-पांच संदिग्ध व्यक्तियों के दिखने पर मोहल्लेवासियों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस से पहले ही संदिग्ध व्यक्ति वहां से चले गए। सुबह होने पर मोहल्लेवासी कोतवाली पहुंचे और घटना की जांच कर कार्रवाई की मांग की।

मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित सीएचसी के सामने कब्रिस्तान है। जिसमें मोहल्ले वासियों के अनुसार वर्षों से दफिना नहीं होता। मंगलवार रात 12 बजे के बाद मोहल्लेवासी विकास त्यागी ने देखा कि कब्रिस्तान में चार-पांच लोग आए और वहां गड्ढा खोदा, जिसकी उन्होंने सूचना मोहल्ले वासियों को दी और मोहल्ले वासियों ने पुलिस को बुलाया। लेकिन जब तक पुलिस पहुंची तब तक वह लोग जा चुके थे। 112 नंबर पुलिस ने कब्रिस्तान का मौका मुआयना किया तो उन्हें एक छोटी ताजी खुदी कब्र दिखाई दी। बुधवार सुबह मोहल्लेवासी कोतवाली पहुंचे। कोतवाली पहुंचकर कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी दी और जांच कर कार्रवाई की मांग की। जिस पर कस्बा इंचार्ज द्वारा लेपर्ड को मौके पर भेज कर जांच कराई गई। वहीं, मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों को पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है। कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज करने वालों में विकास त्यागी, अतुल शर्मा, अश्वनी, भुवनेश्वर वर्मा, अवधेश त्यागी, धर्मेंद्र, प्रीतम, सुनील, विजय शर्मा सहित काफी मोहल्ले वासी मौजूद रहे।

# दिव्यांशु बने अध्यक्ष, जितेंद्र उपाध्यक्ष

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** खंड विकास कार्यालय परिसर में भारतीय किसान संघ के गंगेश्वरी ब्लॉक की कार्यकारिणी को लेकर चुनाव हुआ। उपस्थित जिला प्रभारी संजीव शर्मा ने चंद्र प्रकाश शर्मा को चुनाव अधिकारी बनाने पर सहमति जताई और चुनाव कार्य संपन्न कराने के निर्देश चुनाव अधिकारी को दिए।

चंद्र प्रकाश शर्मा ने सर्वप्रथम पूर्व ब्लाक कार्यकारिणी को भंग करके नए पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न कराया। जिसमें दिव्यांशु यादव को ब्लाक अध्यक्ष, जितेंद्र राणा व शीशपाल सिंह को उपाध्यक्ष, ब्लाक मंत्री नीरज सैनी, चंद्रसेन राणा व पवन सिंह को सहमंत्री, जैविक प्रमुख के लिए राजेश सिंह, प्रीति सैनी को महिला प्रमुख, श्रीप्रकाश को मीडिया प्रभारी चुना गया। शेष का चयन एक सप्ताह में संपन्न कराने के ब्लाक अध्यक्ष व मंत्री को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला प्रभारी संजीव शर्मा एवं अन्य सभी कार्यकर्ताओं ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिवचरन सैनी, कृष्ण कुमार शर्मा, चरन सिंह, सतवीर सिंह, दीपक यादव, राजेश, रामौतार, भोजराज सैनी, रामप्रकाश, प्रेमपाल, फतेह सिंह, ओमवीर सिंह एवं चंद्रसेन आदि उपस्थित रहे।


नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **जिला प्रभारी ने शेष पदाधिकारियों का समय से चयन करने का दिया निर्देश**

# बिजली कटौती से सूख रहीं फसलें

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भाकियू शंकर ने एसडीएम को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने की मांग की है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बिजली आपूर्ति में सुधार करने पर जोर दिया।

बुधवार को भाकियू शंकर ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए कहा कि ग्रामीण फीडरों को समाप्त करके शहरी फीडर घोषित किया जा रहा है एवं बिजली की दरें शहरी लागू की जा रही हैं।

जिसका भाकियू शंकर विरोध करती है। किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है जिससे उनकी फसलें सूख रही हैं। बिजली व्यवस्था में सुधार कर शेड्यूल के मुताबिक आपूर्ति दी जाए, रजिस्ट्री कार्यालय, तहसील ब्लाक विद्युत विभाग से भ्रष्टाचार समाप्त कराया जाए, नगर में चल रहे अवैध ओयो होटल व अवैध अस्पतालों को तत्काल बंद कराकर, नकली जीवन रक्षक दवाएं व मिलावटी खादों और नकली कीटनाशकों पर रोक लगाई जाए। हर घर जल योजना के अंतर्गत गांव करनपुर माफी के ओवरहेड टैंक को तुरंत चालू कराया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि तरौली में तैनात केशव सरन लेखपाल भ्रष्टाचार में लिप्त है, तत्काल इसका तबादला कराया जाये।

मध्य गंगा नहर में टू फेस में पानी छुड़वाया जाए। नवनिर्मित तहसील भवन में तहसील कार्यालय को शिफ्ट कराया जाए। छुट्टा गोवंश फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुत्ते बंदरों का आतंक रोकने के लिए उचित प्रबंध किए जाये।

छुट्टा पशुओं द्वारा दुर्घटना होने पर मृतक आश्रितों को 10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाये। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह, तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सैनी, प्रमोद नागर, अनुज नागर, धीरज सिंह, उदयवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, परमा ठाकुर, चौधरी प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद थे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## सोशल मीडिया पर ट्रैक्टरों से स्टंट का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवक ट्रैक्टर से स्टंट किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जांच कर कार्रवाई की बात की है।

ट्रैक्टर चालकों द्वारा ट्रैक्टरों को लोहे की जंजीर से बांधकर जोर आजमाइश का यह वीडियो हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस प्रकार चालक ट्रैक्टरों से स्टंट कर रहे हैं। ज्ञात हो कि कोतवाली क्षेत्र में लगातार स्टंट के कई वीडियो सामने आ रहे हैं। पुलिस द्वारा स्टंट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस मामले में जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है। वायरल वीडियो मंगलवार शाम का बताया जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि ट्रैक्टरों से स्टंट का मामला संज्ञान में है। जांच कर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# रास्ते के विवाद में भाइयों में चले लाठी-डंडे, दो घायल

संवाददाता, हसनपुर

**घटना**
- **खेत के रास्ते को लेकर दो भाइयों के परिवार में है विवाद**
- **घायल दंपति ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में खेत के रास्ते को लेकर तहेरे-चचेरे भाइयों में विवाद हो गया। मारपीट के दौरान पति-पत्नी घायल हो गए। घायल पति-पत्नी कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी टिंकू पुत्र रामपाल का उसके तहेरे भाइयों से खेत पर जाने वाले रास्ते को लेकर विवाद है। टिंकू का आरोप है कि उसके तहेरे भाइयों ने उसके खेत पर जाने वाले मार्ग पर कंटीले तार से बंद कर दिया। बुधवार सुबह टिंकू घर से काम के लिए धनौरा जा रहा था। तभी रास्ते में उसके तहेरे भाइयों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट देख टिंकू की पत्नी सावित्री उसे बचाने आई तो आरोपियों ने महिला से भी मारपीट की।

मारपीट के दौरान टिंकू व उसकी पत्नी सावित्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दंपति परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। वहीं, कोतवाली पुलिस का कहना है कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


राहगीरों को शर्बत पिलाते लोग। ● अमृत विचार

### भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए शर्बत बांटा

**बुरावली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए और बारिश की प्रार्थना के लिए बुधवार को शर्बत बांटा गया। बुरावली में डॉ. सतवीर ने बुरावली हाईवे पर लोगों को शर्बत बांटा। डॉ. सतवीर ने कहा कि प्रचंड गर्मी में लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा काम है। इस मौके पर व्योम, रवि, सत्येंद्र, चौधरी शादान, विशाल, रोहित, भुवनेश, शीशपाल, छोटे, चांद खां, अनवार, शिवम, गोलू आदि लोग मौजूद रहे।

### पालिका के सभासदों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर पालिका गजरौला के सभासदों ने जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को ज्ञापन सौंपकर शहर में अवर अभियंता (सिविल) की नियुक्ति कराने की मांग की। जिससे निकाय में विकास कार्यों को गति मिल सके। ज्ञापन में सभासदों का कहना है कि अवर अभियंता के न होने के कारण विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है और इस कारण स्थानीय नागरिकों में रोष है। उन्होंने अपने स्तर से अवर अभियंता की नियुक्ति कर समस्या के समाधान की मांग की। ज्ञापन पर सभासद मनु शर्मा, विजेन्द्र पाल, ब्रजेश कुमार, पुष्पा चौधरी, नफीस अहमद सैफी, सुमन शर्मा, सुन्दर लाल, अरकान आलम, योगेश चौहान, राजपाल सिंह, उर्मिला, सोनिका सिंह, विनीता अग्रवाल के हस्ताक्षर हैं।


राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते पार्टी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**गजरौला, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया और पौधरोपण किया। ब्लॉक के गांव कटाई में नौशाबा मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रायबरेली के सांसद व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर युकां के प्रदेश महासचिव आमिर चौधरी, फैजान खान, मकसूद खान, कामिल खान, जिशान, दानिश अजहर, सलमान, कैफ, अरमान, शाहनवाज, जिशान रहे।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**सैदनगली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन नगर पंचायत सैदनगली में सती माता के मंदिर में पंचवटी के पौधे लगाकर मनाया गया। पंचवटी में पीपल, बरगद, अशोक, आंवला, बेल, नीम के पौधे लगाए गए। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि करोड़ों भारतवासियों की सशक्त आवाज राहुल गांधी का जन्मदिन पौधे लगाकर मना रहे है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजपाल सैनी, जिला सचिव वागेश चौधरी, हरस्वरूप प्रधान, मनोज कटारिया, मांगेराम गुर्जर, कोसिन्द्र कटारिया, समरपाल सिंह, रिंकू, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा की सरकार बनने पर कैलाश गुर्जर ने बांटी मिठाई

**कैसरा, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने और अमरोहा से चौधरी कंवर सिंह तंवर के जीतने की खुशी में पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुर्जर ने समर्थकों संग शर्बत और मिठाई बांटी। बुधवार को पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुर्जर ने भाजपा कैम्प कार्यालय कैसरा में कार्यकर्ताओं व समर्थकों संग प्रधानमंत्री के तीसरी सरकार बनाकर शपथ लेने व कंवर सिंह तंवर के सांसद बनने की खुशी में राहगीरों को मिठाई खिलाई और शर्बत पिलाया। इस दौरान प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक दीपक कुमार, हरपाल सिंह, शेखर, मनोज कुमार, देव गुर्जर, फारुख शाहरुख आदि मौजूद रहे।

### गंगा दर्शन के लिए वैश्य समाज के लोग रवाना

**सैदनगली, अमृत विचार :** वैश्य महासभा के तत्वावधान में वैश्य समाज के व्यक्तियों की बस गंगा स्नान और गंगा दर्शन के लिए हरिद्वार रवाना हुई। मंगलवार शाम को पहले धर्मशाला शिव मंदिर में भजन कीर्तन कर प्रसाद वितरण किया गया। उसके बाद गंगा मैया और भगवान शंकर के जयकारे लगाते हुए बस से वैश्य समाज के लगभग 50 व्यक्ति गंगा दर्शन और गंगा स्नान के लिए हरिद्वार रवाना हुए। पूरी बस में रास्ते भर भजन कीर्तन गाते हुए सभी श्रद्धालु रात्रि में हरिद्वार पहुंचे। इस अवसर पर बस में वैश्य समाज के अध्यक्ष उमाशंकर गर्ग, सचिन गुप्ता, करूण गुप्ता, राकेश कुमार, विवेक गुप्ता, महेश महेंद्र गुप्ता आदि रहे।

### प्रभारी निरीक्षक ने की गोवंश की सेवा

**गजरौला, अमृत विचार :** गजरौला के प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बुधवार को कान्हा गोशाला में गायों के लिए चोकर व गुड़ उपलब्ध कराया। बुधवार शाम को प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह टीम के साथ कान्हा गोशाला पहुंचे और गायों को गुड़ खिलाया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि वे गर्मी में गायों की बेहतर देखभाल करें। उन्होंने गायों की सेवा के लिए 20 चोकर की बोरियां व 25 किलो गुड़ उपलब्ध कराया। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि वे भी अपनी सामर्थ्य अनुसार गो सेवा करें।


गायों की सेवा करते हरीश वर्धन सिंह।


सिवौरा बिजली घर पर धरना देते भाकियू भानू के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** सिवौरा-बुढ़नपुर बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने विद्युत कटौती व लो वोल्टेज को लेकर धरना दिया। साथ ही कहा कि जल्द ही इसका समाधान किया जाए।

बुधवार के भारतीय किसान यूनियन भानू के प्रदेश महासचिव ठाकुर पौपाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता सिवौरा बिजली घर पर पहुंचे। यहां उन्होंने धरना देकर क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज को लेकर हंगामा किया। कहा कि भीषण गर्मी पड़ रही है एवं शासन आदेश के अनुसार 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के आदेश होने के बावजूद मात्र 5 से 6 घंटे ही विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के उपभोक्ताओं को मिल पा रही है। उन्होंने विद्युत विभाग के जेई रत्नेश कुमार को चेतावनी दी यदि आपूर्ति में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) उग्र आंदोलन करेगा। जेई रत्नेश कुमार ने बताया कि पांच एमवीए का ट्रांसफॉर्मर होने के कारण क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जल्द ही समाधान किया जाएगा।

## गर्मी के चलते बर्फ की फेरी लगाने वाले की मौत

**रहरा, अमृत विचार :** गर्मी से बर्फ की फेरी लगाने वाले दिनेश की मौत हो गई। परिवार ने बिना पुलिस को सूचना दिन अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना रहरा क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी में दिनेश का परिवार रहता है। 46 वर्षीय दिनेश क्षेत्र के गांव पथरा में बर्फ की फेरी लगाता था। बुधवार सुबह 11 बजे दिनेश फेरी करते हुए पथरा गांव में अचानक जमीन पर गिर पड़ा एवं बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसके मुंह पर पानी डाला और दिनेश के परिवार वालों को सूचना दी। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और दिनेश को निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी राजो देवी एवं पांच बच्चे हैं। मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी के चलते दिनेश की मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ही अंतिम संस्कार कर दिया।

# 35 गांवों को मिल रही महज पांच घंटे बिजली

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ढबारसी बिजलीघर पर तैनात कर्मचारी अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

बिजलीघर से ग्रामीण क्षेत्र के रूपा नांगल, भीमा सुल्तानपुर,सांथलपुर, दूल्हेपुर अहीर, चन्दन कोटा, फत्तेहपुर अधेक, दमगड़ा, सिकन्दराबाद, शीतला सराय, तिगरिया, नादिरशाह, औगारपुर, कोकापुर, दरियापुर तुगन सहित लगभग 35 गांवों में विद्युत आपूर्ति की जाती है। इस बिजलीघर पर तैनात कर्मचारियों की मनमानी से पिछले डेढ़ माह से उपभोक्ताओं व किसानों को सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं मिल रही है।

घरेलू उपभोक्ताओं के साथ किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न मिलने से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही, जिससे फसलें सूख रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा बिजली की निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन कर्मचारी लाइन में फाल्ट दिखाकर फीडर ट्रिप कर देते हैं। दिन में तेज हवा का बहाना बनाकर आपूर्ति नहीं दी जाती और रात में पीछे से आपूर्ति नहीं होने की बात कही जाती है। जबकि बिजलीघर पर अधिकतर समय आपूर्ति जारी रहती है। ग्रामीणों ने अधीक्षण अभियंता से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से देने की मांग की है। मांग करने वालों में जयप्रकाश बंसल, नवीन चतुर्वेदी,अंकित सागर, मनोज सक्सेना, विपिन कुमार, आशीष गोयल ,सोनू भाटी, सुरेश गर्ग रहे।

### अधिकतम तापमान 42 डिग्री, घरों में रहे लोग

**बुरावली, अमृत विचार :** गर्मी का पिछले डेढ़ माह से प्रकोप लगातार जारी है। बुधवार सुबह करीब सात बजे बादल छा गए थे। हवा भी कुछ ठंडी चल पड़ी थी। लेकिन कुछ समय बाद जैसे-जैसे सूर्य देव ने चमकना शुरू किया तो गर्मी ने भी जोर दिखाना शुरू कर दिया। बुधवार को 42 डिग्री तापमान रहा। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों से लोग घर से निकले ही नहीं। जो निकले भी उन्होंने अपना चेहरा ढक लिया। जून की गर्मी ने लोगों के व्यापार को भी प्रभावित किया है। दोपहर के समय बाजार में दुकानदार खाली बैठे रहते हैं। दिनभर पंखे फर्राटे, कूलर, एसी चल रहे हैं फिर भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। सुबह से ही धूप चुभने लगती है और बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। बढ़ती गर्मी से बचने के लिए लोग कोल्ड ड्रिंक, छाछ, लस्सी, गन्ने का रस, शिकंजी, नींबू पानी आदि पीकर शरीर को ठंडक प्रदान कर रहे है। गर्मी के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूप तेज होने के कारण बाजारों में चहल-पहल कम हो रही है। शाम करीब पांच से बाजार में चहल-पहल शुरू हो जाती है।

### नौ घंटे कटौती से लोग हुए परेशान

